तीसरा स्थान

भारत सरकार
संचार मंत्रालय
दूरसंचार विभाग

लोक सभा
तारांकित प्रश्न सं. *123
उत्तर देने की तारीख 10 फरवरी, 2021

बिहार के ग्रामीण क्षेत्रों में मोबाइल टावर

***123. श्री अजय कुमार मंडल:**

क्या संचार मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) बिहार के भागलपुर जिले सहित ग्रामीण क्षेत्रों में उन गांवों की कुल संख्या दूरसंचार कंपनी-वार कितनी है जहां विगत दो वर्षों में प्रत्येक वर्ष और चालू वर्ष के दौरान दूरसंचार टावरों की संस्थापना की गई है;

(ख) दूरसंचार सुविधाओं को बेहतर बनाने के लिए आगामी वित्त वर्ष के दौरान ग्रामीण क्षेत्रों में संस्थापित किए जाने हेतु लक्षित ऐसे टावरों की क्षेत्र-वार संख्या कितनी है?

उत्तर

संचार, विधि और न्याय तथा इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री
(श्री रविशंकर प्रसाद)

(क) और (ख) विवरण सदन के पटल पर रख दिया गया है।

जारी.....2/

लोक सभा में "बिहार के ग्रामीण क्षेत्रों में मोबाइल टावर " के बारे में दिनांक 10 फरवरी 2021 को पूछे गए तारांकित प्रश्न संख्या *123 के भाग (क) और (ख) के उत्तर के संबंध में सदन के पटल पर रखा जाने वाला विवरण

(क) पिछले दो वर्ष में से प्रत्येक वर्ष तथा चालू वर्ष के दौरान भागलपुर जिले सहित बिहार के ग्रामीण क्षेत्रों के उन गांवों की दूरसंचार कंपनी-वार कुल संख्या **अनुबंध-क** पर दी गई है जहां दूरसंचार टावर संस्थापित किए गए हैं।

(ख) आगामी वित्त वर्ष के दौरान ग्रामीण क्षेत्रों में संस्थापित किए जाने वाले लक्षित टावरों की क्षेत्र-वार/जिला-वार संख्या **अनुबंध-ख** पर दी गई है।

जारी......3/

<u>अनुबंध - क</u>

<u>पिछले दो वर्ष में से प्रत्येक वर्ष तथा चालू वर्ष के दौरान भागलपुर जिले सहित बिहार के ग्रामीण क्षेत्रों के उन गांवों की दूरसंचार कंपनी-वार कुल संख्या का ब्यौरा जहां दूरसंचार टावर संस्थापित किए गए हैं।</u>

क्र. सं.	टावर पर बीटीएस संस्थापित करने वाले टीएसपी का	बिहार के ग्रामीण क्षेत्रों के ऐसे गांवों की कुल संख्या जहां निम्नलिखित वर्षों के दौरान टावर संस्थापित किए गए हैं	भागलपुर जिले के ग्रामीण क्षेत्रों के ऐसे गांवों की कुल संख्या जहां निम्नलिखित वर्षों के दौरान टावर संस्थापित किए गए हैं

	नाम	2018-19	2019-20	2020-21	2018-19	2019-20	2020-21
1	बीएसएनएल	312	18	1	10	1	0
2	एयरटेल	441	1091	1113	8	24	29
3	वीआईएल	277	325	4	17	28	1
4	आरजेआईएल	2424	2208	1265	60	42	49

लीजेंड:

बीएसएनएल - भारत संचार निगम लिमिटेड
वीआईएल - वोडाफोन आइडिया लिमिटेड
आरजेआईएल - रिलायंस जियो इंफोकॉम लिमिटेड

नोट:

1. अवसंरचना प्रदाताओं द्वारा टावरों की संस्थापना की जाती है तथा दूरसंचार सेवा प्रदाताओं द्वारा इनका उपयोग बीटीएस की संस्थापना करने के लिए किया जाता है।
2. बीटीएस यानि बेस ट्रांसीवर स्टेशन में एंटीना तथा संगत इलेक्ट्रॉनिक उपकरण शामिल होते हैं जो मोबाइल कनेक्टिविटी उपलब्ध कराने के लिए मोबाइल सिग्नल भेजते हैं तथा प्राप्त करते हैं।
3. विभिन्न दूरसंचार सेवा प्रदाताओं द्वारा किसी एक टावर पर एक से अधिक बीटीएस संस्थापित किए जा सकते हैं।

जारी.......4/

अनुबंध-ख

आगामी वित्त वर्ष के दौरान बिहार के ग्रामीण क्षेत्रों में संस्थापित किए जाने वाले लक्षित दूरसंचार टावरों की संख्या

क्र.सं.	**जिला का नाम**	**वित्त वर्ष 2021-22 में संस्थापित किए जाने वाले टावरों की संख्या**
1	अररिया	77
2	आरा	50
3	औरंगाबाद	99
4	बेगूसराय	64
5	पश्चिम चंपारण	54
6	भागलपुर	90
7	नालंदा	73
8	बक्सर	94
9	सारण	80
10	दरभंगा	74
11	रोहतास	65
12	गया	33
13	गोपालगंज	48
14	वैशाली	90
15	मुंगेर	35
16	जमुई	11
17	जहानाबाद	53
18	कटिहार	59
19	खगड़िया	48
20	किशनगंज	42
21	लखीसराय	19
22	मधुबनी	154
23	पूर्वी चंपारण	124
24	मुजफ्फरपुर	127
25	नवादा	44
26	पटना	65
27	पूर्णिया	83
28	सहरसा	40
29	समस्तीपुर	125
30	कैमूर	30
31	सीतामढ़ी	61
32	सीवान	77
33	सुपौल	25
	कुल	**2213**

***